2. प्लैसेन्टा के बारे में ***असत्य*** कथन है :

(A) यह एक तश्तरी (डिस्क) है जो गर्भाशय की भित्ति में धँसी होती है ।

(B) इसमें भ्रूण की ओर के ऊतक में प्रवर्ध होते हैं ।

(C) यह माता से भ्रूण को ग्लूकोज और ऑक्सीजन के स्थानान्तरण के लिए एक बहुत छोटा पृष्ठीय क्षेत्र प्रदान करता है ।

(D) इससे होकर भ्रूण माता के रुधिर से पोषण प्राप्त करता है ।

3. कोई जलीय विलयन 'A' फीनॉलफ्थेलिन विलयन को गुलाबी कर देता है । जब कोई अन्य जलीय विलयन 'B' इस गुलाबी विलयन में मिलाया जाता है, तो गुलाबी रंग विलुप्त हो जाता है । अब जब इस अभिक्रिया मिश्रण में विलयन 'A' की कुछ बूँदें मिलाई जाती हैं, तो अभिक्रिया मिश्रण फिर से गुलाबी रंग का हो जाता है । विलयन की प्रकृति में क्रमशः होने वाले परिवर्तन हैं :

(A) अम्लीय → क्षारकीय → क्षारकीय

(B) क्षारकीय → अम्लीय → अम्लीय

(C) अम्लीय → क्षारकीय → अम्लीय

(D) क्षारकीय → अम्लीय → क्षारकीय

4. अनजाने में किसी गर्म वस्तु को हाथ से छूने पर होने वाली घटनाओं का सही क्रम है :

(A) त्वचा में ग्राही → प्रेरक तंत्रिका कोशिका → प्रतिसारण तंत्रिका कोशिका → संवेदी तंत्रिका कोशिका → हाथ में प्रभावक (कार्यकर) पेशी

(B) त्वचा में ग्राही → प्रतिसारण तंत्रिका कोशिका → संवेदी तंत्रिका कोशिका → प्रेरक तंत्रिका कोशिका → हाथ में प्रभावक (कार्यकर) पेशी

(C) त्वचा में ग्राही → संवेदी तंत्रिका कोशिका → प्रतिसारण तंत्रिका कोशिका → प्रेरक तंत्रिका कोशिका → हाथ में प्रभावक (कार्यकर) पेशी

(D) त्वचा में ग्राही → संवेदी तंत्रिका कोशिका → हाथ में प्रभावक (कार्यकर) पेशी → प्रेरक तंत्रिका कोशिका → प्रतिसारण तंत्रिका कोशिका

2. The *incorrect* statement about placenta is :

(A) It is a disc embedded in the uterine wall.

(B) It contains villi on the embryo's side of the tissue.

(C) It has a very small surface area for glucose and oxygen to pass from mother to the embryo.

(D) The embryo gets nutrition from the mother's blood through it.

3. An aqueous solution 'A' turns phenolphthalein solution pink. When another aqueous solution 'B' is added to the pink solution, the pink colour disappears. Now when a few drops of solution 'A' are added to this reaction, the mixture appears pink again. The respective changes in the nature of the solution are from :

(A) acidic → basic → basic

(B) basic → acidic → acidic

(C) acidic → basic → acidic

(D) basic → acidic → basic

4. The correct sequence of events when someone's hand touches a hot object unconsciously :

(A) Receptors in skin → Motor neuron → Relay neuron → Sensory neuron → Effector muscle in arm

(B) Receptors in skin → Relay neuron → Sensory neuron → Motor neuron → Effector muscle in arm

(C) Receptors in skin → Sensory neuron → Relay neuron → Motor neuron → Effector muscle in arm

(D) Receptors in skin → Sensory neuron → Effector muscle in arm → Motor neuron → Relay neuron

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **21** से **26** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं ।*

**21.** (a) कभी-कभी दौड़ते समय, खिलाड़ियों की पेशियों में ऐंठन (क्रैम्प) हो जाती है । ऐसा क्यों होता है ? इस प्रकरण में होने वाला श्वसन वायवीय श्वसन से किस प्रकार भिन्न होता है ? 2

**अथवा**

(b) लसीका का अन्य नाम लिखिए । इसके दो कार्यों का उल्लेख कीजिए । 2

**22.** ऐल्कोहॉलों के तीसरे समजात का सूत्र और आण्विक द्रव्यमान लिखिए । निम्न समजात से उच्च समजात की ओर जाने पर उल्लेख कीजिए कि ऐल्कोहॉल के क्वथनांक में किस प्रकार का परिवर्तन होता है । 2

**23.** (a) किसी चायना डिश में कॉपर चूर्ण लेकर उसे बर्नर से गर्म किया गया है । बनने वाले उत्पाद के नाम और उसके रंग का उल्लेख कीजिए । होने वाली अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए । 2

**अथवा**

(b) बेरियम क्लोराइड और सोडियम सल्फेट के जलीय विलयनों के बीच होने वाली रासायनिक अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए । इस अभिक्रिया में अवक्षेपित होने वाले यौगिक में उपस्थित आयनों के प्रतीक लिखिए । 2

**24.** मानव मादा जनन तंत्र के उस अंग को पहचानिए जहाँ शुक्राणु का अण्ड कोशिका से सामना होता है । क्या होगा यदि इसे अवरुद्ध कर दिया जाए ? उस तकनीक का नाम लिखिए जिससे इसे अवरुद्ध किया जा सकता है । 2

**25.** "किसी गोलीय दर्पण द्वारा उत्पन्न रैखिक आवर्धन $+3$ है ।" इस कथन के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2

(a) यह दर्पण किस प्रकार का है ?

(b) बिम्ब कहाँ स्थित है ?

(c) बनने वाले प्रतिबिम्ब के दो गुणों (साइज़/आवर्धन के अतिरिक्त) की सूची बनाइए ।

**26.** किसी विद्युत लैंप का फिलामेंट जो $0{\cdot}5$ A विद्युत धारा लेता है, उसे 2 घंटे तक जलाया गया है । परिपथ से प्रवाहित आवेश परिकलित कीजिए । 2

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **27** से **33** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं ।*

**27.** जल के विद्युत-अपघटन के संदर्भ में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3

(a) इस अभिक्रिया/प्रक्रम को वियोजन अभिक्रिया क्यों कहते हैं ?

(b) कारण देते हुए उल्लेख कीजिए कि यह अभिक्रिया ऊष्माक्षेपी है अथवा ऊष्माशोषी है ।

(c) ऐनोड और कैथोड पर एकत्रित होने वाली गैसों के नाम लिखिए ।

(d) ऐनोड और कैथोड पर एकत्रित होने वाली गैसों के द्रव्यमानों का अनुपात क्या होता है ?

**28.** आहार श्रृंखला और आहार जाल के बीच विभेदन कीजिए । यदि हिरण, घास और शेर की किसी आहार श्रृंखला में हिरणों की संख्या घट जाए, तो प्रथम पोषी स्तर और तृतीय पोषी स्तर के जीवों की जीव-संख्या का क्या होगा ? 3

**29.** उस पादप वृद्धि हॉर्मोन का नाम लिखिए जिसका संश्लेषण प्रोह के अग्रभाग पर होता है । प्रकाश की अनुक्रिया में किसी पादप की वृद्धि पर इस हॉर्मोन के प्रभाव की व्याख्या कीजिए । 3

**30.** मर्करी के अयस्क का नाम लिखिए । यह प्रकृति में जिस रूप में पाया जाता है उसका उल्लेख कीजिए । मर्करी को अपने अयस्क से निष्कर्षित करने में होने वाली अभिक्रियाओं के रासायनिक समीकरण परिस्थिति को दर्शाते हुए लिखिए । 3

**31.** मेंडल ने शुद्ध मटर के लम्बे पौधों (TT) और शुद्ध मटर के बौने पौधों (tt) का संकरण कराकर $F_1$ संतति के पौधे प्राप्त किए । जब $F_1$ संतति के पौधों का स्व-परागण कराया गया, तो $F_2$ संतति के पौधे प्राप्त हुए ।

(a) $F_1$ संतति के पौधे किस प्रकार के दिखते थे ? उनका जीन संयोजन लिखिए ।

(b) $F_1$ संतति के पौधों में बौनेपन के जीन क्यों व्यक्त नहीं हुए ?

(c) $F_2$ संतति में प्राप्त पौधों का अनुपात लिखिए और इस प्रयोग के निष्कर्ष का उल्लेख कीजिए । 3

35. (a) एक शुष्क क्वथन नली में फेरस सल्फेट के कुछ क्रिस्टलों को लेकर गर्म किया गया । कुछ समय पश्चात् नली में जल की छोटी-छोटी बूँदें दिखाई दीं ।

(i) जल की यह बूँदें कहाँ से दृष्टिगोचर हुईं ? व्याख्या कीजिए ।

(ii) गर्म करते समय रंग में क्या परिवर्तन दिखाई देगा ?

(iii) प्रत्येक फेरस सल्फेट ($FeSO_4$) क्रिस्टल के अणु के साथ जल के कितने अणु जुड़े होते हैं ? (I) कॉपर सल्फेट, और (II) सोडियम कार्बोनेट के क्रिस्टलीय रूपों के आण्विक सूत्र लिखिए ।

(iv) उल्लेख कीजिए कि जिप्सम से प्लास्टर ऑफ पेरिस किस प्रकार प्राप्त किया जाता है । प्लास्टर ऑफ पेरिस के दो उपयोग लिखिए । *5*

**अथवा**

(b) जब इमली में उपस्थित अम्ल 'X' को 'Y' में मिलाया जाता है, तो 'Z' मिश्रण उत्पन्न होता है । 'Z' को गुँथे हुए आटे में मिलाकर गर्म करने पर बने केक मुलायम और स्पंजी हो जाते हैं । 'Y' को साधारण नमक से बनाया जाता है और इसका उपयोग खाने को शीघ्रता से पकाने के लिए भी किया जाता है ।

(i) 'X', 'Y' और 'Z' के सामान्य नाम तथा 'Y' का रासायनिक सूत्र लिखिए ।

(ii) 'Y' को किस प्रकार बनाया जाता है तथा यह केक को मुलायम और स्पंजी बनाने में किस प्रकार सहायता करता है ? उपयुक्त रासायनिक समीकरण देकर इस अभिक्रिया का स्पष्टीकरण कीजिए ।

(iii) 'Y' के अतिरिक्त किसी अन्य मृदु क्षारक का नाम और रासायनिक सूत्र लिखिए जिसका उपयोग प्रति-अम्ल (ऐन्टैसिड) के रूप में किया जाता है । *5*

35. (a) A few crystals of ferrous sulphate were taken in a dry boiling tube and heated. Tiny water droplets were observed in the tube after some time.

(i) From where did these water droplets appear ? Explain.

(ii) What colour change will be observed during heating ?

(iii) How many molecules of water are attached per molecule of $FeSO_4$ crystal ? Write the molecular formula of crystalline forms of (I) Copper sulphate, and (II) Sodium carbonate.

(iv) State how is Plaster of Paris obtained from gypsum. Write two uses of Plaster of Paris. *5*

**OR**

(b) An acid 'X' present in tamarind when mixed with 'Y', produces a mixture 'Z'. 'Z' on addition to a dough when heated makes cakes soft and spongy. 'Y' is prepared from common salt and helps in faster cooking. https://www.cbseboardonline.com

(i) Write the common names of 'X', 'Y' and 'Z', and the chemical formula of 'Y'.

(ii) How is 'Y' prepared and how does it help in making cakes soft and spongy ? Illustrate the reaction with suitable chemical equation.

(iii) Write the name and chemical formula of a mild base other than 'Y' used as an antacid. *5*

